# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्

नया हैदराबाद, लखनऊ 226007

**संस्कृत प्रतिभा खोज 2025**
**राज्यस्तरीय प्रतियोगिता (प्रथम चरण) के प्रतिभागियों हेतु सूचना**

**उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ** द्वारा आयोजित *संस्कृत प्रतिभा खोज* की **श्रुतलेखन तथा भाषण की अर्हता परीक्षा** द्वारा चयनित प्रतिभागी एवं मंडल स्तरीय संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल एवं युवा वर्ग) एवं संस्कृत गीत प्रतियोगिता में *प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता प्रतिभागियों* को सूचनार्थ निम्न निर्देश दिए जा रहे हैं –

☞ **अर्हता परीक्षा द्वारा चयनित प्रतिभागियों की सूची**, राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की **समयसारिणी** तथा अन्य आवश्यक **सूचनाएँ/निर्देश** *संस्कृत प्रतिभा खोज वेब पोर्टल* के **नोटिस बोर्ड** पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागी उक्त निर्देशों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। प्रतियोगिता में समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में *बाद में कोई विचार नहीं किया जाएगा।*

☞ सभी प्रतिभागी **दिनांक 3 सितम्बर 2025** के पूर्व अधोलिखित लिंक पर जाकर अपना **यात्रा विवरण** पूरित करें, जिससे लखनऊ में *आवास, भोजन आदि की व्यवस्था* की जा सके तथा *बाद में मार्गव्यय* देने में सुविधा हो।

**⚭ यात्रा विवरण भरने हेतु लिंक** – http://upsanskritpratibhakhoj.com/

☞ लखनऊ आगमन के समय प्रतिभागी निम्नलिखित सामग्री साथ अवश्य लाएँ –

1. वर्तमान कक्षा में अध्ययन का एक प्रमाण-पत्र तथा आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति या सॉफ्टकॉपी।
2. संस्कृत गीत प्रतियोगिता का प्रत्येक प्रतिभागी, गाए जाने वाले गीत की लिखित/मुद्रित प्रति साथ लायें।
3. स्वयं तथा साथ आने वाले अभिभावक/अध्यापक का **फोटोयुक्त पहचान पत्र**
4. रेल / बस का टिकट

☞ **प्रतियोगिता स्थल** – उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद, लखनऊ

**प्रतियोगिता स्थल तक पहुँचने का मार्गदर्शन**

प्रतियोगिता स्थल तक आने के लिए **तीन मुख्य रास्ते** हैं –

1. **लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग** – पुलिस लाइन तथा राय बिहारीलाल मार्ग से होकर प्रतियोगिता स्थल पहुँचा जा सकता है।
2. **आई.टी. मैट्रो स्टेशन मार्ग** – आई.टी. कॉलेज मैट्रो स्टेशन से अयोध्या रोड के रास्ते सीधे प्रतियोगिता स्थल पहुँचा जा सकता है।
3. **निशातगंज मार्ग** – निशातगंज से होकर भी प्रतियोगिता स्थल आसानी से पहुँचा जा सकता है।

🚆 **रेलवे स्टेशन / बस डिपो से आने वाले प्रतिभागियों हेतु**

- चारबाग, आलमबाग, डालीगंज, बादशाहनगर रेलवे स्टेशन से अथवा
- चारबाग, आलमबाग, अवध बस डिपो, कमता बस अड्डे से
  प्रतिभागी **मैट्रो या ऑटो** द्वारा गूगल मैप देखकर प्रतियोगिता स्थल पहुँच सकते हैं।

☞ **विशेष सुझाव:** चारबाग और आलमबाग से आने वाले प्रतिभागियों के लिए **विश्वविद्यालय अथवा आई. टी मैट्रो स्टेशन** तक आना सबसे **आरामदायक और किफायती** रहेगा।
प्रतियोगिता स्थल तीनों मार्गों से लगभग 800 मीटर दूर, गोमती नदी के किनारे स्थित है।

Google map link - https://maps.app.goo.gl/zQMVbTdYeQCddNaw8

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं की समयसारिणी

**प्रथम दिवस**

| दिनांक | समय | कार्यक्रम | प्रतियोगिता कक्ष |
|---|---|---|---|
| 6 सितम्बर 2025 | 8.00 | चाय | भोजनालय / कैम्पस |
| 6 सितम्बर 2025 | 8.30 | जलपान | भोजनालय / कैम्पस |
| 6 सितम्बर 2025 | 11.30 | उद्घाटन समारोह | प्रेक्षागृह |
| 6 सितम्बर 2025 | 13:00 | दोपहर भोजन | भोजनालय / कैम्पस |
| 6 सितम्बर 2025 | 14:00 | संस्कृत गीत प्रतियोगिता | प्रेक्षागृह |
| 6 सितम्बर 2025 | 14:20 | श्रुतलेखन प्रतियोगिता | कक्ष संख्या 1 |
| 6 सितम्बर 2025 | 14.30 | संस्कृत सामान्य ज्ञान – बाल वर्ग | सभा कक्ष |
| 6 सितम्बर 2025 | 17:00 | जलपान | भोजनालय / कैम्पस |
| 6 सितम्बर 2025 | 20:00 | रात्रि भोजन | भोजनालय / कैम्पस |
| | | **द्वितीय दिवस** | |
| 7 सितम्बर 2025 | 8.00 | चाय | भोजनालय / कैम्पस |
| 7 सितम्बर 2025 | 8.30 | जलपान | भोजनालय / कैम्पस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 सितम्बर 2025 | 09.30 | संस्कृत सामान्य ज्ञान – युवा वर्ग | सभा कक्ष |
| 7 सितम्बर 2025 | 10.30 | संस्कृत भाषण | प्रेक्षागृह |
| 7 सितम्बर 2025 | 13:00 | दोपहर भोजन | भोजनालय / कैम्पस |
| 7 सितम्बर 2025 | 15.30 | **समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण** | प्रेक्षागृह |

**अन्य सूचना – प्रतिभागियों हेतु**

☞ **प्रतियोगिता कक्ष एवं समय**
समसामयिक परिस्थिति के अनुसार प्रतियोगिता कक्ष तथा समय में परिवर्तन संभव है। अतः सभी प्रतिभागियों से निवेदन है कि अपनी प्रतियोगिता की तिथि एवं समय का ध्यान रखते हुए, प्रतियोगिता आरंभ होने से कम-से-कम **2 घंटे पूर्व** प्रतियोगिता स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

☞ **पंजीकरण एवं यात्रा विवरण**
प्रतियोगिता स्थल पर पंजीकरण तथा यात्रा विवरण पूरित कराने की प्रक्रिया की जाएगी। कृपया निर्धारित समय पर पहुँचकर इस कार्य को पूर्ण करें।

☞ **आवास व्यवस्था**
प्रतियोगिता स्थल से कुछ दूरी पर प्रतिभागियों के लिए आवास की व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों हेतु पृथक्–पृथक् आवास उपलब्ध रहेगा।

☞ **यात्रा कार्यक्रम**
प्रतिभागियों को परामर्श दिया जाता है कि दिनांक **7 सितम्बर 2025 को सायं 7:30 बजे के बाद** ही प्रतियोगिता स्थल से वापसी का यात्रा कार्यक्रम बनाएं।

☞ **भोजन एवं रात्रि विश्राम सुविधा**
दूर से आने वाले प्रतिभागियों को दिनांक **7 सितम्बर 2025 की रात्रि** में भी आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।